ई–मेल/डाक

राजस्थान सरकार
(निर्वाचन विभाग)

क्रमांकः एफ 4.(3)(1)रोल्स/निर्वा/2012/376 जयपुर, दिनांक 06.02.2013

प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषित : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
(कलक्टर) राजस्थान।

विषय : राज्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में महिला मतदाताओं का पंजीकरण बढ़ाने के संबंध में।
प्रसंग : इस विभाग का समसंख्यक पत्र क्रमांक 172 दिनांक 16.1.2013

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस विभाग के प्रासंगिक पत्र क्रमांक 172 दिनांक 16.01.2013 के द्वारा राज्य सरकार के ऐसे विभाग जिसमें कि फील्ड स्तर पर महिला कार्यकर्त्ता कार्यरत है कि सेवाऍ ली जाकर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूचियो में महिलाओं का पंजीकरण बढ़ाने के उद्देश्य से इनके चिन्हिकरण का कार्य दिनांक 15 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2013 के मध्य किया जाना है। इन विभाग के नियुक्त किये गये कर्मचारियों द्वारा सर्वे का कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण कर इस विषय में निर्धारित प्रपत्र में सूची तैयार कर दिनांक 28 फरवरी, 2013 तक आवश्यक रूप से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

2 इस विषय में विभाग के ध्यान में आया है कि इन विभागों के कर्मचारियों द्वारा सर्वे का कार्य गंभीरता पूर्वक नहीं किया जा रहा है। अतः आप कृपया जिला स्तर पर संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों से चर्चा कर इस कार्य में गति लाने के निर्देश दें तथा यह स्पष्ट निर्देश प्रदान करावें कि यह कार्य दिनांक 15 फरवरी, 2013 तक पूर्ण कर लिया जाए तथा इस सर्वे के दौरान तैयार की गई सूचियॉ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 28 फरवरी, 2013 तक आवश्यक रूप से उपलब्ध करा दी जाए जिससे कि उनके द्वारा सूचियॉ बीएलओ को उपलब्ध कराकर चिन्हित की गयी पात्र महिलाओं से प्रारूप 6 में आवेदन पत्र भरकर प्राप्त किया जा सके। इस विषय में कृपया अपने जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी निर्देशित करने का श्रम करें कि वह अपने स्तर पर भी ब्लॉक स्तर पर कार्यरत उक्त विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर सर्वे कार्य की समीक्षा करें तथा इसमें गति लाए।

3 इस विषय में कृपया प्रासंगिक पत्र क्रमांक172 दिनांक 16.1.2013 का अवलोकन करें जिसमें आपसे अपेक्षा की गयी है कि आप दिनांक 21 जनवरी, 2013 तक अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों के ऑकड़ों का इस बिन्दु के परिपेक्ष्य में विश्लेषण करें तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया जाए जिसमें कि महिलाओं का पंजीकरण जनसंख्या की तुलना में कम है। इस विषय में कृपया सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी निर्देशित करावें कि वह इसी प्रकार की सूची अपने पास संधारित करें जिससे कि विभाग स्तर से अधिकारियों द्वारा भ्रमण करने के दौरान इस सूची के अनुसार उनके द्वारा किये गये कार्यो के विषय में चर्चा कर समीक्षा की जा सके।

4. यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि यह कार्य गंभीरता पूर्वक किया जाना है जिससे कि इस विषय में आशातीत परिणाम सामने आए तथा राज्य में महिला मतदाताओं का प्रतिशत जनसंख्या की तुलना में आ सके।

कृपया उपरोक्त दिशा निर्देशों की जिले के सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी सूचित करने का श्रम करें।

भवदीय,

(अशोक जैन)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।